बिहार सरकार
मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-202
18/03/2023

# जम्मू–कश्मीर के पुलवामा जिले के अवंतीपोरा इलाके में हुयी सड़क दुर्घटना में बिहार के 4 लोगों की मौत पर मुख्यमंत्री मर्माहत, मृतकों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना, 18 मार्च 2023 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जम्मू–कश्मीर के पुलवामा जिले के अवंतीपोरा इलाके में श्रीनगर–जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर बस के पलटने से हुयी सड़क दुर्घटना में बिहार के 4 लोगों की मौत पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने इस घटना को काफी दुखद बताया है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

*****